National Voter Day

UNITY
IS THE
राष्ट्रीय सेवा योजना
मतदाता जागरूकता दिवस
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर

संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस संवाददाता

27/11/2020

कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की छात्र- छात्राओं तथा अधिकारियों ने गुरुवार को **'संविधान दिवस'** के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सभी ने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा उद्‌बोधित संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर अपनी सहभागिता को सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ. एच.जी. प्रकाश ने कहा कि हर नागरिक का आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बढ़े यह संविधान की अपेक्षा है उन्होंने कहा कि हमारा प्रगतिशील संविधान देश की एकता और विकासशीलता को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि आज संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के शिल्पी बाबासाहेब जी को नमन करता हूं।

इस अवसर पर सहायक निदेशक शोध डॉ.मनोज मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अर्चना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी, यूनिट 3, डॉ. रश्मि सिंह, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथलेश वर्मा मौजूद रहे।